**NEWS CLIPPING: 10.10.2017**

**DAINIK BHASKAR**

# वाईएमसीए विश्वविद्यालय में उद्यमशीला जागरूकता शिविर शुरू

भास्कर न्यूज़|फरीदाबाद

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय उद्यमशीला जागरूकता शिविर सोमवार से शुरू हुआ। पहले दिन विद्यार्थियों ने मौजूदा परिदृश्य, छोटे व मध्यम पैमाने के उद्यम शुरू करने के लिए अवसरों की पहचान तथा उद्यम शुरू करने के लिए उत्पाद व तकनीक के चयन जैसे अहम विषयों पर जानकारी हासिल की। उद्घाटन सत्र को मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र तथा वीजी इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक नवीन सूद ने संबोधित किया।

सत्र की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने की। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्यम स्थापित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कौशल आधारित ज्ञान अर्जित करने में सहायक होते हैं। मुख्य अतिथि सूद ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी उद्यम शुरुआत से बड़ा नहीं होता। एक छोटी शुरुआत करनी पड़ती है। इसके लिए जरूरी है कि उद्यम एवं उत्पाद की सही जानकारी ली जाए। इसके लिए बेहतर प्रबंधन किया जाए। उन्होंने कहा कि एक समय था जब नए उद्यम के लिए काफी जोखिम उठाने पड़ते थे। लेकिन आज सरकार की नीतियां स्टार्टअप को लेकर काफी उदार हैं, जिसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने नए उद्यम शुरू करने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों को उपयोगी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी उद्यम में उत्पाद प्राथमिक होता है और ग्राहक केंद्र बिन्दु। इसलिए सफल उद्यम के लिए लक्ष्य मुनाफा अर्जन न होकर ग्राहक संतुष्टि होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन के अनुभव भी सांझा किए। कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कौशल विकास और स्वरोजगार दो ऐसे क्षेत्र हैं जहां मौजूदा सरकार सबसे ज्यादा ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार को करियर विकल्प के रूप में चुनने वाले युवा अपने जीवन को नई दिशा प्रदान करते हैं और खुद को नौकरी के बंधनों से मुक्त रखते हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिलक राज ने कहा कि तकनीकि शिक्षा ग्रहण करने वाले युवाओं के लिए उद्यमशील सोच का होना जरूरी है। इसलिए कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में सफल उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित करना है। और यह उद्यमशीलता को लेकर उनके लिए ज्ञान अर्जित करने का भी एक बेहतर अवसर है। प्रो. संदीप ग्रोवर ने कहा कि पढ़ाई के बाद विद्यार्थियों के लिए करियर का चयन एक बड़ी चुनौती है, लेकिन यदि युवा उद्यमशील सोच को लेकर सही योजना से आगे बढ़ें तो उन्हें रोजगार को लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं। तीन दिवसीय शिविर के दौरान प्रतिष्ठित उद्यमियों व अकादमिक विशेषज्ञों के आठ व्याख्यान रखे गए हैं। इसमें उद्यमशीलता का मौजूदा परिदृश्य, अवसर, उत्पाद व तकनीक चयन की प्रक्रियावित्तीय सहयोग प्राप्त करने को लेकर जागरूक व्याख्यान शामिल हैं।




**फरीदाबाद.** जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नवीन सूद।

**NEWS CLIPPING: 10.10.2017**

**DAINIK JAGRAN**

## तीन दिवसीय उद्यमशीलता जागरूकता शिविर शुरू



वाइएमसीए विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नवीन सूद को पौधा भेंट करते हुए कुलसचिव डॉ .संजय कुमार शर्मा।

जासं, फरीदाबाद : वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय उद्यमशीलता जागरूकता शिविर सोमवार से शुरू हुआ। शिविर के पहले दिन विद्यार्थियों के मौजूदा परिदृश्य, छोटे व मध्यम पैमाने के उद्यम शुरू करने के लिए अवसरों की पहचान और उद्यम शुरू करने के लिए उत्पाद व तकनीक के चयन जैसे अहम विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र तथा वीजी इंडस्ट्रीज, फरीदाबाद के प्रबंध निदेशक नवीन सूद ने संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ .संजय कुमार शर्मा ने की। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ .तिलक राज व प्रो .संदीप ग्रोवर भी उपस्थित थे। शिविर का आयोजन सह-प्राध्यापक डॉ . वासुदेव मल्होत्रा की देखरेख में किया जा रहा है। कुलपति प्रो . दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों के लिए उद्यमशीलता जागरूकता शिविर के आयोजन को सराहनीय बताया। मुख्य अतिथि नवीन सूद ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी उद्यम शुरुआत से बड़ा नहीं होता। कुलसचिव डॉ .संजय कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया।

**NEWS CLIPPING: 10.10.2017**

**PUNJAB KESARI**

# विद्यार्थियों ने जाना कैसे शुरू करें अपना उद्यम

## ● तीन दिवसीय उद्यमशीला जागरूकता शिविर का शुभारंभ

**फरीदाबाद,** राकेश देव ब्यूरो चीफ (पंजाब केसरी): उद्यमशीलता को करियर विकल्प के रूप में अपनाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए फरीदाबाद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय उद्यमशीला जागरूकता शिविर आज प्रारंभ हो गया। शिविर के पहले दिन विद्यार्थियों के मौजूदा परिदृश्यए छोटे व मध्यम पैमाने के उद्यम शुरू करने के लिए अवसरों के पहचान तथा उद्यम शुरू करने के लिए उत्पाद व तकनीक के चयन जैसे अहम विषयों पर जानकारी हासिल की। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ। उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र तथा वीजी इंडस्ट्रीजए फरीदाबाद के प्रबंध निदेशक नवीन सूद ने संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ संजय कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर अधिष्ठाता संस्थान प्रो संदीप ग्रोवर तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डा तिलक राज भी उपस्थित थे। शिविर का आयोजन सह.प्राध्यापक डॉ वासुदेव मल्होत्रा की देखरेख में किया जा रहा है। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों के लिए उद्यमशीला जागरूकता शिविर के आयोजन को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्यम स्थापित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कौशल आधारित ज्ञान अर्जित करने में सहायक होते है। मुख्य अतिथि श्री नवीन सूद ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी उद्यम शुरूआत से बड़ा नहीं होता। एक छोटी शुरूआत करनी पड़ती है। इसके लिए जरूरी है कि उद्यम एवं उत्पाद को सही जानकारी ली जाये और इसके लिए बेहतर प्रबंधन किया जाये। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव डॉ संजय कुमार शर्मा ने श्री नवीन सूद यादगार भेंट के रूप पौधा प्रदान किया।



नवीन सूद यादगार भेंट को पौधा भेंट करते हुए कुलसचिव डा संजय कुमार शर्मा।

**NEWS CLIPPING: 10.10.2017**

**PIONEER**

# नए उद्यम लगाने से घबराएं नहीं युवा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एक** समय था जब नए उद्यम के लिए काफी जोखिम उठाने पड़ते थे। लेकिन आज सरकार की नीतियां 'स्टार्ट-अप' को लेकर काफी उदार है। जिसका लाभ उठाना चाहिए। यह बाते वीजी इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक नवीन सूद कही।

वे वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि की ओर से आयोजित तीन दिवसीय उद्यमशीला जागरूकता शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। वे कॉलेज के भूतपूर्व छात्र भी है। शिविर में पहले दिन छात्रों ने परिदृश्य, छोटे व मध्यम पैमाने के उद्यम शुरू करने के लिए अवसरों के पहचान और उद्यम शुरू करने के लिए उत्पाद व



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

तकनीक के चयन जैसे अहम विषयों पर जानकारी हासिल की। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप दीप प्रज्वलन से हुआ। सत्र की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने की। इस दौरान अधिष्ठाता (संस्थान) प्रो. संदीप ग्रोवर और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. तिलक राज भी उपस्थित थे। शिविर का आयोजन सह-प्राध्यापक डॉ. वासुदेव मल्होत्रा की देखरेख में किया जा रहा है।

## उद्यमशीलता जागरूकता शिविर जरूरी

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्रों के लिए उद्यमशीलता जागरूकता शिविर के आयोजन को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्यम स्थापित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कौशल आधारित ज्ञान अर्जित करने में सहायक होते है। मुख्य अतिथि सूद ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी उद्यम शुरूआत से बड़ा नहीं होता। एक छोटी शुरूआत करनी पड़ती है। इसके लिए जरूरी है कि उद्यम एवं उत्पाद को सही जानकारी ली जाए।

**NEWS CLIPPING: 10.10.2017**

**AMAR UJALA**

# 'सफल उद्यम के लिए ग्राहक संतुष्टि का तय करें लक्ष्य'

**फरीदाबाद।** कोई भी उद्यम शुरुआत में बड़ा नहीं होता। एक छोटी शुरुआत करनी पड़ती है। इसके लिए उद्यम एवं उत्पाद की सही जानकारी लेने के साथ बेहतर प्रबंधन किया जाए। यह बात विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एवं वीजी इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक नवीन सूद ने सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि कही। वाईएमसीए विश्वविद्यालय में उद्यमशीलता को करियर विकल्प के रूप में अपनाने एवं प्रोत्साहित करने को तीन दिवसीय उद्यमशीलता जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने की। सूद ने कहा कि सफल उद्यम के लिए लक्ष्य मुनाफा अर्जन न होकर ग्राहक संतुष्टि होना चाहिए। कुलपति दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को उद्यम शुरू करने के टिप्स दिए। कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। कहा कि कौशल विकास और स्वरोजगार पर सरकार अधिक ध्यान दे रही है। स्वरोजगार को करियर विकल्प चुनकर युवा वर्ग खुद को नौकरी के बंधनों से मुक्त रखता है। विद्यार्थियों को पहले दिन मौजूदा परिदृश्य, छोटे व मध्यम पैमाने के उद्यम शुरू करने के लिए अवसरों की पहचान, उद्यम शुरू करने के लिए उत्पाद, तकनीक के चयन विषय पर जानकारी दी गई। प्रोफेसर संदीप ग्रोवर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिलक राज ने कहा कि तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने वाले युवाओं के लिए उद्यमशील सोच का होना बेहद जरूरी है। इसलिए शिविर आयोजित किया गया है। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 10.10.2017**

**NAVBHARAT TIMES**

# 'उद्यमशीलता को करियर बनाएं छात्र'

**नगर संवाददाता, फरीदाबाद :** उद्यमशीलता को करियर विकल्प के रूप में अपनाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सोमवार को तीन दिवसीय शिविर शुरू हुआ। पहले दिन छात्रों को मौजूदा परिदृश्य, छोटे व मध्यम पैमाने के उद्यम शुरू करने के लिए अवसरों की पहचान, उद्यम शुरू करने के लिए उत्पाद व तकनीक के चयन जैसे अहम विषयों पर जानकारी दी गई। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र तथा वीजी इंडस्ट्रीज, फरीदाबाद के प्रबंध निदेशक नवीन सूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि कोई भी उद्यम शुरूआत से बड़ा नहीं होता। एक छोटी शुरूआत करनी पड़ती है। इसके लिए जरूरी है कि उद्यम एवं उत्पाद को सही जानकारी ली जाए और इसके लिए बेहतर प्रबंधन किया जाए। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों के लिए उद्यमशीला जागरूकता शिविर के आयोजन को सराहनीय बताया।